तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज नथमल़ बनाम लो.सू.अ.(अपर कलक्टर प्रथम जोधपुर) सू.अ.अ. अपील संख्या 186 / 2017	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
09.01.18	पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी नथमल पुत्र भंवरलाल खटिक, पता खटिकों का बास, तहसील बावड़ी जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 02.08.17. में उसके द्वारा (1) कोर्ट / एडीएम–1 / 2016 / वि.जा.203 / 2016 तारीख पेशी 07.02.17 विकास अधिकारी पंचायत समिति बावड़ी जिला जोधपुर द्वारा पूर्व सरपंच बंशीलाल नागोरा के विरूद्ध विभागीय जांच की सम्पूर्ण पत्रावली की प्रमाणित प्रति, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर कलक्टर प्रथम जोधपुर) को प्रेषित किया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (अपर कलक्टर प्रथम जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। अपीलार्थी अनुपस्थित। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (अपर कलक्टर प्रथम जोधपुर) से आदिनांक तक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा अपर कलक्टर प्रथम जोधपुर को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी को 15 दिवस में सूचना उपलब्ध करावे, अन्यथा सूचना नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। ओदश सुनाया गया।	